केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
जयपुर परिसर, जयपुर
परिपत्र

के.सं.वि.वि.ज. / शि.शा. / 2020 / 989 दिनांक 17.11.2020

शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए आवश्यक निर्देश

- वर्तमान में कोविड–19 को ध्यान में रखते हुए माननीय कुलपति महोदय के अनुमादनोपरान्त सम्बन्धित छात्रों को भौतिक रूप से उपस्थित या ऑनलाईन के माध्यम से आवंटित परिसर में परामर्श / प्रवेश की सुविधा दी गई है। आवंटित परिसर में भौतिक रूप से छात्रों के अभिलेखों के सफल सत्यापन के पश्चात् स्थानीय प्रवेश समिति के अनुशंसा पर स्थाई प्रवेश एवं ऑन–लाईन के माध्यम से अभिलेखों के सफल सत्यापन कराने वाले छात्रों को स्थानीय प्रवेश समिति के अनुशसां पर अस्थाई प्रवेश दिया जायेगा। जिन छात्रों को अस्थाई प्रवेश प्रदान किया जायेगा उनसे शपथ पत्र लेना होगा कि

  मैं .... सामान्य परिस्थिति होने पर भौतिक रूप से आवंटित परिसर में मूल प्रमाणपत्रों के साथ उपस्थित होकर पुनः अभिलेखों का सत्यापन कराऊंगा / कराऊंगी तथा किन्हीं कारणों से असफल होने पर मेरा प्रवेश बिना किसी शर्त के साथ निरस्त किया जाए तथा मुझे यह भी ज्ञात है कि भौतिक सत्यापन में असफल होने पर मेरे द्वारा समर्पित शुल्क वापिस नहीं मिलेगा।

प्रवेश हेतु आवश्यक दस्तावेज / प्रमाण पत्र

- शिक्षाशास्त्री प्रवेश परीक्षा के ऑनलाईन आवेदनपत्र एवं प्रवेशपत्र।
- प्रेषित सूची के आधार पर छात्रों का नाम जिस वर्ग में छात्रों को परिसर आवंटित किया गया है उससे सम्बन्धित अभिलेख।
- जन्मतिथि–प्रमाणपत्र।
- जाति प्रमाणपत्र / आर्थिक रूप से कमजोर (EWS) अथवा छात्र / छात्रा का जिस श्रेणी में प्रवेश परिसर आवंटित हुआ है उससे सम्बन्धित प्रपत्र।
- शास्त्री / आचार्य / समकक्ष (संस्कृत सहित) उत्तीर्ण प्रमाणपत्र।
- चिकित्सकीय प्रमाणपत्र।
- रैगिंग के विरोध संस्थान द्वारा निर्धारित लिखित प्रतिज्ञा पत्र।
- परिसर स्थानान्तरण निषेध का छात्रों द्वारा लिखित प्रतिज्ञा पत्र।

Scanned with CamScanner

- छात्र/छात्राओं के सभी अभिलेखों की सही जांच/सत्यापन होने के उपरान्त छात्र/छात्राओं को शुल्क 5,100/– जमा करने की अनुशंसा की जायेगी, जिसकी सूचना परिसर द्वारा पृथक से दी जायेगी।
- प्रवेश समिति की अनुशंसा पर भौतिक रूप से उपस्थित छात्र शुल्क नकद लेखा विभाग में जमा कर सकते है।
- ऑनलाईन माध्यम से उपस्थित छात्रों को निर्देश दिया जाता हैं कि परामर्श के दो दिनों के अन्दर ही डी.डी. केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर परिसर, जयपुर Central Sanskrit University, Jaipur Campus, Jaipur (Raj.) के नाम पर बनवाकर एक सप्ताह के अन्दर मूल डी.डी. सहित निदेशक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर परिसर, गोपलपुरा बाईपास त्रिवेणी नगर, जयपुर– 302018 को भेजने पर/प्राप्त होने पर ही प्रवेश मान्य होगा।
- ऑनलाईन के माध्यम से अभिलेखों के सफल सत्यापन के पश्चात् अस्थाई प्रवेश दिया जायेगा। प्रवेश तभी स्थाई माना जायेगा जब भौतिक रूप से आवंटित परिसर में समस्त मूल अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर सत्यापन करायेंगे।
- परामर्श (Counseling)/ प्रवेश, दिनांक 18.11.2020 से 28.11.2020 तक प्रातः 10.30 बजे से 05.00 बजे तक दिया जाएगा।
- ऑनलाईन माध्यम से परामर्श लेने वाले छात्र/छात्राएँ अपने सभी वांछित प्रमाण पत्र **shikshashastram@gmail.com** पर भेजें।

  परामर्श के दौरान छात्र/छात्राएँ भारत सरकार एवं राज्य सरकार के कोविड–19 के निदेर्शो का पालन करेंगें।

(प्रो. अर्कनाथ चौधरी)
निदेशक

सूचनार्थ :–

1. परिसर वेबसाइट पर सूचनार्थ।
2. नोटिस बोर्ड।
3. विभागीय संचिका।

Scanned with CamScanner